>

Title: Need to provide adequate compensation to people who suffered loss of crops, livestock, life and property due to heavy rains, hailstorms and lightning in Jharkhand. - Laid

श्री विष्णु दयाल राम (पलामू): पलामू प्रमंडल यथा पलामू, गढ़वा, लातेहार सहित झारखंड के अन्य जिलों में भारी बारिश एंव ओलावृष्टि से रबी फसलों के साथ-साथ कच्चे मकानों का भारी नुकसान हुआ है । विदित है कि दिनांक 24, 25 फ़रवरी को पलामू प्रमंडल में 36 मिमी रिकॉर्ड भारी बारिश हुई है । मेदिनीनगर में 36.2 मिमी, चैनपुर में 16 मिमी, विश्रामपुर में 10.4 मिमी, पांडु व पड़वा में 15.2 मिमी, ऊंटारी रोड में 16.6 मिमी, मोहम्मदगंज 14.2 मिमी वर्षा के कारण किसानों की रबी फसलों एंव कच्चे मकानों को काफी नुकसान हुआ है तथा आसमानी बिजली गिरने से पलामू प्रमंडल एंव चतरा में 5 लोगों की मृत्यु हुई है साथ ही पशुओं की भी भारी क्षति हुई है । उक्त परिस्थिति में केंद्र सरकार से मेरी मांग है की राज्य सरकार से परामर्श कर पीड़ित परिवारों को अविलंब मुआवजा देने संबंधी आवश्यक कार्यवाई करने की कृपा की जाय ।